प्रादेशिक समाचार

दिनांक–11.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

केंद्र सरकार ने 'विकसित भारत जी राम जी' मिशन को अधिसूचित कर दिया है, जो 1 जुलाई से लागू होगा। इस नए अधिनियम के तहत अब ग्रामीण परिवारों को साल में 125 दिन के रोजगार की गारंटी मिलेगी। सरकार ने इसके लिए 95,692 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जिससे ग्रामीण भारत सशक्त होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए सोमनाथ मंदिर को देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पर्व अगले एक हजार वर्षों तक देश को प्रेरणा देगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने 1998 के परमाणु परीक्षणों का जिक्र कर भारत की वैज्ञानिक क्षमता और दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी सराहना की।

****

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज दिल्ली में देश की पहली बैरियर–रहित टोल प्रणाली का उद्घाटन किया। इस मल्टी–लेन फ्री फ्लो तकनीक से अब टोल पर गाड़ियां रुकेंगी नहीं और वाहन 100 की रफ्तार से निकल सकेंगे। एआई कैमरों से लैस इस सिस्टम से सालाना 285 करोड़ का ईंधन बचेगा और प्रदूषण में कमी आएगी। श्री गडकरी ने कहा कि टोल वसूली में पहले की 15 प्रतिशत की परिचालन लागत अब घटकर लगभग 3 से 4 प्रतिशत हो जाएगी, जिससे सालाना लगभग छह से सात हजार करोड़ रुपये की बचत होगी।

****

गिरिडीह में बिजली–पानी संकट के खिलाफ भाजपा ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। विधायक नीरा यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पपरवाटांड से डीसी कार्यालय तक आक्रोश मार्च निकाला। समाहरणालय गेट पर प्रदर्शनकारियों ने मटका फोड़कर राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और डीसी को स्मार पत्र सौंपकर समाधान की मांग की।

****

सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता आलमगीर आलम को जमानत दे दी है। करीब सात महीने जेल में रहने के बाद मिली इस राहत का कांग्रेस ने स्वागत किया है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इसे न्याय की जीत बताया है।

****

हजारीबाग की दनुआ घाटी में बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में आधा दर्जन से अधिक वाहन आपस में टकरा गए। इस दुर्घटना में करीब 12 लोग घायल हुए हैं, जिनमें एक की हालत गंभीर है। पुलिस और स्थानीय लोगों ने रेस्क्यू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हादसे के कारण सुबह तक यातायात बाधित रहा।

****

बोकारो पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नया मोड़ बस स्टैंड से 47 किलो अवैध गांजा बरामद किया है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि एसपी को मिली गुप्त सूचना पर यह छापेमारी की गई। तस्कर इसे बस के जरिए बिहार भेजने की फिराक में थे। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

****

राज्य में 16 मई तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। पलामू प्रमंडल को छोड़कर रांची, धनबाद और जमशेदपुर समेत अधिकांश जिलों में बारिश और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने 13 और 14

मई के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं।

*********समाप्त**********